Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding reported withdrawal of SPG security cover provided to a leader of Congress party.

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना): धन्यवाद स्पीकर साहब । एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर मैं आपका और संसद का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । जैसा कि सारा देश जानता है कि हमारे देश का सबसे अहम प्रोटेक्शन ग्रुप स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप एसपीजी है । श्रीमती इंदिरा गांधी जी की शहादत के बाद देश को इसकी जरूरत पड़ी । एसपीजी उस समय बनाया गया, जब कांग्रेस की सरकार थी और राजीव गांधी जी प्रधान मंत्री थे । सर, उसके बाद राजीव गांधी जी की शहादत जब 1991 में हुई, तो उससे पहले यह ग्रुप विड्रॉ कर लिया गया था । उस समय मेरे ख्याल से चन्द्रशेखर जी की या वी.पी.सिंह जी की गवर्नमेंट थी । उसके बाद चन्द महीनों के अंदर राजीव गांधी जी की शहादत हुई और बड़ा असेसिनेशन हुआ । जिनसे आज वह सिक्योरिटी वापस ली गई है, उस समय वे बच्चे थे । श्री राहुल गांधी जी की आयु 21 साल थी और प्रियंका गांधी जी की आयु 19 साल थी ।

माननीय अध्यक्ष: मान्यवर, यह विषय कई बार आ चुका है ।

श्री रवनीत सिंह: सर, इससे बड़ा इश्यू कौन सा है? इस परिवार ने देश के लिए दो प्रधान मंत्री दिए हैं । सर, मैं दूसरे अपर हाउस, राज्य सभा के सदस्य का नाम नहीं लेना चाहता, जिन्होंने कहा कि इनको आज कोई खतरा नहीं हैं । दो फांसियां दी गई हैं, जिनका मैं यहां जिक्र करूंगा । अफजल गुरु को किसने फांसी दी? यूपीए गवर्नमेंट ने ।